वर्ष 5 अंक 334
पृष्ठ 14
धनबाद, शुक्रवार
12 मई 2017
आसनसोल
मूल्य ₹ 5.00

# दैनिक जागरण

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार



बीबर की 90 मिनट की परफॉर्मेंस, 100 करोड़ खर्च 12

पोखरण परीक्षण वाजपेयी के साहस का प्रतीक : मोदी 11

www.jagran.com पश्चिम बंगाल • झारखंड • बिहार • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • मध्य प्रदेश • हरियाणा • उत्तराखण्ड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित



# बच्चों ने उठाया तैराकी का आनंद

**जागरण संवाददाता, आसनसोल** : दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल में गुरुवार को कक्षा नर्सरी से कक्षा तीन तक के विद्यार्थियों के लिए नृत्य संगीत एवं तैराकी आदि का आयोजन किया गया। झुलसाती गर्मी में तरणताल में स्कूल के बच्चों ने जमकर मस्ती की। बच्चे मद्धम-मद्धम संगीत के बीच उठती-गिरती जल तरंगों पर नृत्य करते दिखे। साथ ही नृत्य एवं गायन गतिविधियों ने सोने पर सुहागे का कार्य किया।

छात्रों ने चलचित्र का भी भरपूर आनंद उठाया। ज्ञात हो कि अग्रिम तीन दिनों 12 से 14 मई तक कक्षा चौथी से कक्षा नवीं तक के छात्रों के लिए विद्यालय में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अन्य विद्यालय के विद्यार्थियों को भी सम्मिलित किया जाएगा। यह कैंप सभी छात्रों के लिए निःशुल्क होगा। जिसमें प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा फुटबॉल, क्रिकेट, योग, कराटे, अबैकस, वैदिक गणित, नृत्य, संगीत, शतरंज, एरोबिक्स आदि कलाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कैंप का समापन विशेष आकर्षण मैजिक शो के साथ किया जाएगा।



डीपीएस स्कूल मे पूल मे मस्ती करते बच्चे • जागरण